कान्हा कारो कारो बरसाने वाली गोरी

-------------भजन के बोल-------------------
कान्हा कारो कारो बरसाने वाली गोरी…………..2
बरसाने वाली गोरी हमारी राधा गोरी…………2
नंद को कन्हिया वृषभान की किशोरी……….2
कान्हा कारो कारो बरसाने वाली गोरी…………..2

1) कान्हा जी की बन्सी करे दिल घायल………2
मस्ती बिखेरे बजा के राधा पायल…………..2
मोहन प्यारे रसिया , राधा गन्ने की पोरी………2
कान्हा कारो कारो बरसाने वाली गोरी…………..2

2) ग्यालो को संग लेके आये हैं बिहारी……..2
गोपियों के बीच सुहाए राधा प्यारी………..2
चंदा मेरो कान्हा और राधा है चकोरी…………2
कान्हा कारो कारो बरसाने वाली गोरी…………..2

3) यमुना किनारे कभी रास रचावे……….2
खेलन को प्यारी संग बरसाने आवे………….2
छलिया है कन्हिया और लाडली जी भोरी……….2
कान्हा कारो कारो बरसाने वाली गोरी…………..2

4) राधा जी है मिश्री और माखन मुरारी………2
श्यामा जी है हाथ और कंगन गिरधारी…………2
भूलन त्यागी बृज में मचावे दोनों होरी…………….2
कान्हा कारो कारो बरसाने वाली गोरी…………..2

बरसाने वाली गोरी हमारी राधा गोरी…………2
नंद को कन्हिया वृषभान की किशोरी……….2
कान्हा कारो कारो बरसाने वाली गोरी…………..2

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33729/title/Kanha-Kaaro-kaaro-barsaane-wali-gori

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |